जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर। (सं.

प्रेस विज्ञप्ति

**2016–17/01)**

दिनांक : 01.04.2016

# डिब्बों में अस्थाई बढोतरी

## *अजमेर–नई दिल्ली–अजमेर शताब्दी एक्सप्रेस में बढाये डिब्बे*

रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए नई दिल्ली–अजमेर–नई दिल्ली, शताब्दी एक्सप्रेस मे 01 वातानुकुलित चेयरकार डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 12015/12016, नई दिल्ली–अजमेर–नई दिल्ली, शताब्दी एक्सप्रेस में **दिनांक 01.04.16 से 30.06.16 तक** 01 वातानुकुलित चेयरकार डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई हैं। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः जयपुर, अलवर, रेवाड़ी एवं गुड़गॉव स्टेशनों के यात्रियों को प्रत्येक फेरे में वातानुकुलित चेयरकार श्रेणी की 78 सीटें अधिक उपलब्ध हो पायेगी।

***उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिये नियमित रूप से विभिन्न रेलगाडियों में डिब्बों में अस्थाई तौर पर बढोतरी की जाती है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा वर्ष 2015–16 में फरवरी माह तक 12065 अतिरिक्त डिब्बे विभिन्न रेल सेवाओं में जोडे गये है।***

जन सम्पर्क अधिकारी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज **www.facebook.com/northwesternrailway** पर भी अवलोकन कर सकते है।